866(E)
05/02/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 4/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, सहरसा के अन्तर्गत Construction of Bypass Road from Bariyahi Brahamsthan to Bangaon Kalawati Maidan (Total Length-2.15 Km.) Saat Nischay Part-02 Connectivity कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री उमाशंकर प्रसाद, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–17.12.2025 को आहूत विभागीय निविदा समिति की कार्यवाही जो विभागीय ज्ञापांक–8618(ई०) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग के पत्रांक–1755(अनु०) दिनांक–31.12.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–31.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Bypass Road from Bariyahi Brahamsthan to Bangaon Kalawati Maidan (Total Length-2.15 Km.) Saat Nischay Part-02 Connectivity |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, सहरसा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹650.897 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–4257(s) दिनांक–12.08.2022 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹738.61000 लाख।<br>मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–704(अनु०) दिनांक–30.05.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹712.73211 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 30.08.2025 |

3. विषयांकित पुनर्निविदा में निम्नलिखित 03 (तीन) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) Maa Jwala Enterprises (2) Jai Mata Di Construction

(3) M/s Narsingh Construction

4. **<u>निविदा की विस्तृत विवरणी :–</u>**

4.1 पथ प्रमंडल सहरसा अन्तर्गत "Construction of Bypass Road from Bariyahi Brahamsthan to Bangaon Kalawati Maidan (Total Length 2.15 Km) for the year 2025-26" के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड का मूल्यांकन दिनांक–28.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी, जिसकी कार्यवाही उपभागीय ज्ञापांक–1579(अनु०) दिनांक–28.11.2025 से संसूचित है,. में 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/s Jai Mata Di Construction एवं (2) Maa Jwala Enterprises को SBD आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण तकनीकी बीड मे असफल घोषित करने तथा शेष एकल निविदाकार M/s Narsingh Construction को SBD आधारित निविदा की सभी वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया था। विषयाधीन कार्य की पुनर्निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरुप विभागीय अधिसूचना सं०–3162(S) दिनांक–09.05.2016 एवं बिहार लोक निर्माण संहिता की कंडिका–163 के आलोक में विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित करने की अनुशंसा की गयी।

दिनांक–17.12.2025 को संपन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक, जिसकी कार्यवाही विभागीय ज्ञापांक–8618(E) दिनांक–17.12.2025 से संसूचित है, में पथ प्रमंडल, सहरसा अन्तर्गत "Construction of Bypass Road from Bariyahi Brahamsthan to Bangaon Kalawati Maidan (Total Length 2.15 Km) for the year 2025-26" के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में निविदाकार M/s Narsingh Construction को SBD आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने के कारण तकनीकी बीड मे सफल तथा शेष 02 (दो) निविदाकार यथा (1) M/S Jai Mata Di Construction एवं (2) Maa Jwala Enterprises को असफल घोषित किया गया। विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही दिनांक–23.12.2025 को विभागीय बेवसाइड पर अपलोड किया गया है।

उक्त के आलोक में निविदाकार M/s Jai Mata Di Construction द्वारा दिनांक–24.12.2025 को उपभागीय कार्यालय में परिवाद समर्पित किया गया है।

5. विभागीय ज्ञापांक–8618(ई०) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णय के विरूद्ध विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा M/s Jai Mata Di Construction के पत्रांक–शून्य दिनांक–24.12.2025 द्वारा परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1755(अनु०) दिनांक–31.12.2025 द्वारा परिवाद पर दिनांक–31.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई है, जो परिवाद का सार निम्नवत् है:–

**प्राप्त परिवाद के मुख्य अंश :–**

निविदाकार M/s Jai Mata Di Construction से प्राप्त परिवाद के मुख्य क्रियाशील अंश निम्नांकित है:–

यह कि मुख्य अभियंता महोदय, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के विवरणी के अनुसार M/s Jai Mata Di Construction को Bid Capacity की न्यूनतम वांछित अर्हत्ता को पूर्ण नहीं मानते हुए और निविदा समिति के द्वारा मुझे SBD Clause ITB Cl. 4.7 की न्यूनतम वांछित अर्हत्ता पूर्ण नहीं करने के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन में असफल घोषित कर दिया गया। परन्तु मेरे द्वारा निविदा में Bid Capacity संदर्भ में विगत पाँच वर्षों का Audit Report एवं Existing Work का विवरण संलग्न किया गया, जो निम्नलिखित है :–

यह कि Existing Commitments On-going Work में ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहरसा, सिमरी बख्तियारपुर एवं मधेपुरा में चल रहे कार्यों में कुल ₹32,55,64,181/– रुपये मात्र कार्य बकाया है। जबकि मुख्य अभियंता महोदय के पत्रांक–1514 दिनांक–17.11.2025 एवं कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सहरसा के पत्रांक–1671(अनु०) दिनांक–18.11.2025 के आलोक में :–

| क्र०सं० | कार्य का विवरण | राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सहरसा के पत्रांक–2676 दिनांक–16.12.2025 के अनुसार बकाया कार्य की राशि | ₹1675.87463 |
| 2 | ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमरी बख्तियारपुर के पत्रांक–2881 दिनांक–15.12.2025 के अनुसार बकाया कार्य की राशि | ₹595.83813 |
| 3 | ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मधेपुरा के पत्रांक–2646 दिनांक–16.12.2025 के अनुसार बकाया कार्य की राशि | ₹894.5294 |
| | **कुल** | **₹3166.24216** |

**यह कि मेरा टर्नओभर निम्न प्रकार है :–**

| क्र०सं० | वित्तीय वर्ष | टर्नओभर की राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2019–20 | ₹2035.40 |
| 2 | 2020–21 | ₹1606.30 |
| 3 | 2021–22 | ₹2050.54 |
| 4 | 2022–23 | ₹1512.54 |
| 5 | 2023–24 | ₹2447.16 |

यह कि मेरे द्वारा निविदा में संलग्न Audited Turn Over के अनुसार अधिकतम Turn Over वित्तीय वर्ष 2023–24 में Turn Over की राशि ₹2447.16 लाख है। जबकि विषयांकित निविदा के तकनीकी बीड का मूल्यांकन वित्तीय वर्ष 2025–26 में हो रहा है।

इस प्रकार Bid Capacity की गणना निम्न प्रकार है :–

<u>2447.16</u> x <u>1.08</u> x <u>1.08</u>x 6/12 x 3 = 4281.55113 – <u>Existing Work = 3255.64181</u>

(2023-24) (2024-25) (2025-26) Bid Capacity= 1025.90932

यह राशि निविदा का परिमाण विपत्र की राशि ₹712.73211 लाख से अधिक है।

**<u>निविदाकार M/s Jai Mata Di Construction से प्राप्त परिवाद पर उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी समीक्षा :–</u>**

निविदाकार M/s Jai Mata Di Construction द्वारा निविदा के साथ Existing Commitment ₹3255.64181 लाख अपलोड किया गया है। उक्त समर्पित Existing Commitment को SBD ITB के Clause 4.7 के Appendix के अनुरुप गणना करने पर ₹4084.990842 लाख आती है।

| Sr. No. | Financial Year | Submitted Value(Lacs) | | Factor as per appendix G (Sr. No.-19) | | Commitment Escalate as per Appendix (Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | 385.03 | x | 1.61 | = | 619.8983 |
| 2 | 2021-22 | 251.00 | x | 1.46 | = | 366.4600 |
| 3 | 2022-23 | 943.73718 | x | 1.33 | = | 1255.170449 |
| 4 | 2024-25 | 1675.87463 | x | 1.10 | = | 1843.462093 |
| | | | | Total (B Value) | | **4084.990842** |

जिसके आधार पर Bid Capacity की गणना निम्न प्रकार की गयी है

Bid Capacity = AxNx3 - B

= 2447.16 x 1.21 x 0.5 x 3 - 4084.990842

= 4441.5954 - 4084.990842

= 356.604558 Lacs< 712.7321 Lacs

इस प्रकार परिवादी निविदाकार की Bid Capacity वांछित Bid Capacity से कम है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया गया।

**6. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा :–</u>**

प्राप्त परिवाद पर उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सम्यक समीक्षोपरांत विषयाधीन कार्य के पुनर्निविदा के निविदाकार M/s Jai Mata Di Construction के परिवाद को अमान्य करने का निर्णय लिया गया तथा दिनांक–28.11.2025 को संपन्न उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन की बैठक में SBD आधारित निविदा की वाँछित न्यूनतम अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण निविदाकार M/s Jai Mata Di Construction एवं Maa Jwala Enterprises को पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल घोषित करते हुए एक मात्र निविदाकार M/s Narsingh Construction को तकनीकी बीड मे सफल घोषित करने का लिए गये निर्णय को यथावत रखा जाता है तथा परिवाद निष्पादन के उपरांत पुनर्निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरुप विभागीय अधिसूचना सं०–3162 (S) दिनांक–09.05.2016 के अनुपालन में विभागीय निविदा समिति के समक्ष अनुमोदन हेतु उपस्थापित करने की अनुशंसा की जाती है।

7. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

7.1 मुख्य अभियंता, सीमाचंल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1755(अनु०) दिनांक–31.12.2025 के माध्यम से पुनर्निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–31.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल निविदाकार यथा M/s Jai Mata Di Construction के पत्रांक–शून्य दिनांक–24.12.2025 द्वारा दिए गए परिवाद को अमान्य करते हुए पुनः तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) विभागीय ज्ञापांक–8618(ई०) दिनांक–23.12.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णय को यथावत् रखा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 04/02/26 | 04/02/26 | 04/02/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाशंकर प्रसाद)<br>मुख्य अभियंता,<br>सीमाचंल उपभाग,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाकान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–229/2025 866 (E) पटना, दिनांक 05/02/2026

**प्रतिलिपिः–** मुख्य अभियंता, सीमाचंल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

04/02/26
(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।